तापमान

अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 पॉलीथिन और डिस्पोजल कचरे से जंगल व खेत खलिहान...



14 जनसहयोग से होगा एलुमनी मीट एवं शाला ग्रामीणोत्सव...




## खबर संक्षेप

### संघ का संयुक्त गृह संपर्क अभियान आज

**धमतरी** नगर के स्वयंसेवकों से समय पर उपस्थित होने का आग्रह

धमतरी। नगर में निवासरत सभी अनुशांगिक संगठन के स्वयंसेवक बंधु-भगिनी को संयुक्त गृह संपर्क अभियान हेतु आमंत्रित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह अभियान आज 3 दिसंबर 2025, बुधवार को सायं 4:30 बजे प्रारंभ होगा। अभियान हेतु सभी स्वयंसेवक विंध्यवासिनी माता मंदिर के पास एकत्रित होंगे और इसके बाद सदर बाजार क्षेत्र में संयुक्त रूप से गृह संपर्क अभियान संचालित करेंगे। उपस्थित होने वाले स्वयंसेवकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने साथ दो अन्य बंधु-भगिनी को भी प्रेरित करते हुए अभियान में सम्मिलित करें। आयोजकों ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि एक-दूसरे को सूचना प्रदान करते हुए समय पर पहुँचने में सहयोग करें, जिससे अभियान सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। नगर संघचालक धमतरी ने कहा कि सभी स्वयंसेवक समय पर उपस्थित हों और राष्ट्रीय कर्तव्य एवं सामाजिक एकजुटता के इस अभियान में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें।

### महानदी तट पर 24-25 दिसम्बर को गूँजेगी साईं बाबा की अमृतमय कथा

**धमतरी**। कोलियारी स्थित महानदी के पावन तट पर विराजमान श्री साईं बाबा मंदिर में आगामी 24 एवं 25 दिसम्बर को संगीतमय श्री साईं बाबा अमृतमय कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध



कथावाचक श्री साईं शरणम (साईं धाम शिर्डी वाले) अपनी मधुर वाणी में साईं लीला का वाचन करेंगे। कथा दोपहर 12 बजे से आरंभ होगी, जिसमें भक्तजन भक्ति, ज्ञान और आध्यात्मिक शांति का संदेश ग्रहण कर सकेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि कथा स्थल को विशेष रूप से सजाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु शांत वातावरण में दिव्य कथा का लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम की जानकारी साईं समिति के प्रमुख एवं मंदिर के संचालक दिनेश सोनकर ने दी। उन्होंने समस्त साईं भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण

- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर तक

**धमतरी**। राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें आठवीं उत्तीर्ण के लिए सुरक्षा गार्ड, दसवीं पास अभ्यर्थी के लिए असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और 12 वीं उत्तीर्ण के लिए फील्ड टेक्नीशियन (एयर कंडीशनर) का प्रशिक्षण शामिल है। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण इच्छुक आवेदक 15 दिसंबर तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पासपोर्ट साईज की फोटो आदि दस्तावेज लगाना होगा।

### आफिस आटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा 4 को

**धमतरी**। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत पी.जी.डी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि उनकी आफिस आटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 4 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से निर्धारित की गई है। सभी छात्राएं अपने प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

### व्यवस्थापन के अभाव और ठंड के मौसम में 90 परिवार दर-दर भटकने को मजबूर

# रेलवे की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई से देवार बस्ती में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





रेल्वे विभाग की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई तथा अल्टीमेटम के बाद देवार बस्ती तथा आसपास बसे 90 परिवार अस्त-व्यस्त हो गए हैं। अनेक देवार परिवार पुरानी मंडी के शरण में चले गये हैं। कुछ देवार परिवार घर से सामान निकालकर खुले आसमान पर रतजगा कर रहे हैं। आदिवासी तथा अन्य समाज के लोग महिमासागर वार्ड में बनाये जा रहे आधे-अधूरे आवास में ठिकाना बना रहे हैं। समाजसेवी पं. राजेश शर्मा ने बड़ा दिल दिखाते हुए तिरपाल वितरण कर ढाढ़स बंधाया वहीं कई परिवार तिरपाल नहीं मिलने से मायूस हैं।

धमतरी की महत्वाकांक्षी परियोजना ब्राडगेज रेल कुछ ही माह के अंदर धरातल पर उतर जाएगी। रेल पटरी बिछाने के लिए रास्ता क्लीयर है लेकिन गुड्स टर्मिनल बनाने के लिए स्टेशनपारा में देवार बस्ती को हटाने की प्रक्रिया मंगलवार अधिकारी-कर्मचारी बुलडोजर लेकर पहुंचे। इस दौरान करीब दो दर्जन कच्चे मकान तथा झोपड़ियों को हटाया गया और कब्जाधारी सभी परिवारों को दो घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने की मोहलत देकर अधिकारी-कर्मचारी चले गये। इस कार्रवाई से सकते में आये कब्जाधारी सभी परिवार अपने-अपने झोपड़ियों से सारा सामान घर से बाहर निकाल लिये। कई देवार परिवार पुरानी कृषि उपज मंडी के शरण में चले गये हैं। कुछ मंडी में बनाये गये किसान बाजार के पसरा में डेरा डालकर अंधेरे में खाना बना रहे थे। कुछ परिवार मंडी परिसर में तिरपाल लगाकर वहां डेरा लगा लिया है। मंडी परिसर में मौजूद दिनेश देवार ने बताया कि मंडी में बिजली नहीं है। जहरीले जीव-जंतु का डर है। कई लोगों को तिरपाल नहीं मिलने से वे मायूस हैं। रम्मू देवार बताते हैं कि उसकी पत्नी का 15 दिन पहले डिलीवरी हुई है। खुले आसमान में रहना उसके लिए बड़ी मुसीबत है। उन्होंने नगर के दानदाताओं से खाने के लिए राशन व्यवस्था की मांग की है।

देवार बस्ती में अपने झोपड़ियों से सामान निकालकर कई परिवार बाहर रात गुजारने को मजबूर हैं। बिंदाबाई, गंगा, सोनिया ने बताया कि अतिक्रमण हटाने आये अधिकारी-कर्मचारी उन्हें दो घंटे के अंदर झोपड़ी खाली करने का फरमान देकर चले गये। वे सारा सामान निकाल लिये हैं लेकिन फरमान देने वाले अब तक वापस नहीं आये। बिजली काट दी गई है। उन्होंने एक रात का समय मांगा था। प्रभावित लोगों की स्थिति दयनीय है। उन्होंने व्यवस्थापन की मांग की है।

अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के दौरान रेल्वे अधिकारी श्री डोरा, नायब तहसीलदार विवेक चंद्राकर, कोतवाली पुलिस, राजस्व विभाग तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## धमतरी में शासकीय विभागों की क्रिकेट प्रतियोगिता 6 से 14 दिसंबर तक

- शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की टीमों के बीच रोमांचक क्रिकेट मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला प्रशासन धमतरी द्वारा स्व. संतोष कुमार नेताम,कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग धमतरी की स्मृति में शासकीय विभाग अंतर्विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध, टीम भावना, फिटनेस, खेल भावना और विभागीय समन्वय को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता पुलिस ग्राउण्ड, रूद्री में 06, 10, 13 और 14 दिसंबर 2025 को प्रातः 9 बजे से आयोजित होगी, जबकि सेमीफाइनल एवं फाइनल 14 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से खेले जाएंगे।

प्रतियोगिता में कुल 12 विभागीय टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार ग्रुप में विभाजित किया गया है। मैच 8 ओवर के होंगे तथा स्कोरिंग Cricheroes App के माध्यम से की जाएगी। विजेता टीम को 31,000 रुपये, उपविजेता टीम को 21,000 रुपये, साथ ही विभिन्न व्यक्तिगत पुरस्कार जैसे मैन ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फिल्डर और बेस्ट विकेट कीपर प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क 12000 रुपये निर्धारित है। सभी खिलाड़ियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में उपस्थित होना तथा अपने विभाग में कार्यरत होना अनिवार्य है। पुरस्कार वितरण समारोह 14 दिसंबर 2025 दोपहर 2 बजे पुलिस ग्राउण्ड, रूद्री में आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी एवं संपर्क के लिए जिला कार्यालय धमतरी, कक्ष क्रमांक 09 में संपर्क किया जा सकता है।

## बांधा में जय माँ अंसाईन देवी बारहपाली फुल मड़ई का भव्य आयोजन आज

**नगरी**। ग्राम बांधा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला प्रसिद्ध जय माँ अंसाईन देवी बारहपाली फुल मड़ई इस वर्ष भी बड़े उत्साह और उल्लास के साथ 3 दिसंबर, बुधवार को मनाया जाएगा। परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों सहित श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रहने की संभावना है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ रात 8 बजे से हमर ज्योति नाचा पार्टी जिला मोहलामानपुर की विशेष प्रस्तुति रहेगी, जो आकर्षण का केन्द्र होगी। मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज एवं संरक्षक संघ के उमेश देव, कार्यक्रम की अध्यक्षता अलसाईन पाली सचिव एवं ग्राम पटेल नरसिंग मरकाम विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नगरी (राजपुर) पुष्पा देवी मंडावी तथा जनपद सदस्य कलावती मरकाम रहेंगी। कार्यक्रम स्थल रंगमंच बांधा, जिला धमतरी (छ.ग.) समय रात्रि 8 बजे दिन बुधवार को सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

# घना कोहरा ने रोकी वाहनों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

### दृश्यता रही 20 मीटर, दो दिन बढ़ेगी ठिठुरन





इस सीजन में सर्द मौसम का घना कोहरा मंगलवार सुबह देखने को मिला। धुंध इतना गहरा था कि 20 मीटर दूर कोहरा के अलावा कुछ भी नजर नहीं आ रहा था। कोहरा घना होने के कारण रात में ही वाहनों के पहिए थम गए थे। लोगों को सड़क पर ज्यादा दूर नजर नहीं आ रहा था, इसलिए वे जहां पर थे वहीं पर रूक गए थे। सुबह 7 बजे कोहरा छटने लगा तब वाहनों की रफ्तार बढ़ी।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण भारत में आए चक्रवाती तूफान का असर छत्तीसगढ़ में भी पड़ा है। पिछले तीन दिनों में आसमान पर बाद मंडराते रहे। मंगलवार को ग्रामीण इलाकों के अलावा शहर में भी इसका व्यापक रूप देखने को मिला। आसमान से बादल छट गए थे, लेकिन अपने पीछे घना कोहरा छोड़ गए। रात में कोहरा काफी बढ़ गया था। भोर होने से पहले कोहरा इतना बढ़ गया कि सड़क पर लोगों को 20 मीटर के बाद कुछ नजर नहीं आ रहा था। इस दौरान न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में आगामी दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। बुधवार सुबह भी कोहरा रहने के बाद आसमान साफ रहने की संभावना है।

# दो दिनों में दो नाबालिग छात्र-छात्रा ने की आत्महत्या

- अलग-अलग स्कूलों में कक्षा 8वीं की पढ़ाई कर रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बीते दो दिनों में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के दो नाबालिग छात्र-छात्राओं द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

नाबालिग बच्चों द्वारा मामूली बातों पर आत्महत्या कर लेने की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। बीते दो महीने में नाबालिग बच्चों के आत्महत्या कर लेने के चार से अधिक घटनाएं हुई हैं। बच्चों के इस तरह आत्मघाती कदम उठा लेना पालकों के लिये गंभीर चिंता की बात है। इसी तरह की घटना रूद्री रोड स्थित जल विहार कालोनी के गली नंबर 7 में सोमवार की रात को घटी है। राजेन्द्र कुमार साहू उम्र 13 वर्ष मूल रूप से शहडोल का रहने वाला था जो पढ़ाई करने 6 माह पहले रूद्री थाना क्षेत्र के निवासी अपने मौसा-मौसी के घर पढ़ने आया था। छात्र मौसा-मौसी के घर रहकर शहर के एक स्कूल में कक्षा 8वीं की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार की रात्रि मौसी परिवार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गई थी। इस दौरान छात्र घर पर अकेला था। इसी दौरान छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगा लिया। सूचना पर रूद्री पुलिस मौके पर पहुंच मंगलवार को शव का पंचनामा की कार्रवाई कर वरदान संस्था के एम्बुलेंस से शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

आत्महत्या की एक अन्य घटना दुगली थाना क्षेत्र की है। रीतिका साहू पिता परमेश्वर उम्र 13 वर्ष ग्राम सारंगपुरी थाना दुगली निवासी आठवीं कक्षा की छात्रा थी। रविवार को पिता पत्नी के साथ ससुराल गया था। रात्रि में छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते जहर सेवन कर लिया। जानकारी होने पर चाचा व अन्य परिजन छात्रा को उपचार के लिये नरहरपुर अस्पताल ले गये। छात्रा को गंभीर हालत में धमतरी के मसीही अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। सोमवार को चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। नाबालिगों के आत्महत्या करने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## सिन्हा समाज का परिचय सम्मेलन सात को

**धमतरी**। सिन्हा कलार समाज मंडल धमतरी द्वारा युवक-युवती परिचय एवं पारिवारिक मिलन समारोह सात दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री व अति विशिष्ट अतिथि रुपनारायण सिन्हा अध्यक्ष छग योग आयोग होंगे। अध्यक्षता युवराज सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलार समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथि रामू रोहरा महापौर, डॉ. लखनलाल धीवर उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ मछुआ बोर्ड, रिखीराम सिन्हा प्रदेश महामंत्री छग कलार समाज, बिसंभर सिन्हा प्रदेश कोषाध्यक्ष, चन्द्रहास सिन्हा अध्यक्ष कलार समाज जिला धमतरी, डॉ. किशोर सिन्हा समाजसेवी रायपुर होंगे।

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर का पदभार ग्रहण समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर का जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात 3 दिसम्बर बुधवार को प्रथम जिला कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन धमतरी आगमन हो रहा है। इस दौरान जिला युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा प्रातः 11 बजे इंदिरा गाँधी चौक में, समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा मकई चौक में एवं महिला कांग्रेस के द्वारा राजीव भवन प्रवेश द्वार में स्वागत किया जाएगा।तत्पश्चात राजीव भवन में पदभार ग्रहण समारोह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष शरद लोहाना के अध्यक्ष कार्यकाल हेतु आभार कार्यक्रम आयोजित होगी। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थिति के अपील की गई है।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


### धीरे-धीरे चल रहा गिरदावरी का काम, साथ में हो रहा पंजीयन

# समस्या में डूब प्रभावित किसान, अब तक गिरदावरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



डूबान के किसानों को एक बार फिर मौका दिया गया है। पंजीयन के लिए पोर्टल 15 दिसंबर तक खोल दिया गया है। जैसे जैसे गिरदावरी हो रही है, किसानों का पंजीयन निबटाया जा रहा है, लेकिन अभी भी 1 हजार डूबान के किसानों का पंजीयन बाकी है।

धान खरीदी का पंजीयन इस साल समस्याओं से घिरा हुआ है। धान खरीदी के इतिहास में शायद यह पहला अवसर है, जब खरीदी शुरू होने के बाद भी पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी डूब प्रभावितों के पंजीयन को लेकर है। जल संसाधन विभाग ने गिरदावरी के लिए पोर्टल तैयार नहीं किया था, जिसके चलते पूरे प्रदेश में डूब प्रभावित किसानों का गिरदावरी अटका हुआ था। अब पोर्टल भी तैयार हो चुका है। गिरदावरी का काम अभी भी चल रहा है, जिसके चलते पंजीयन भी धीरे धीरे हो रहा है। शासन पहले 30 नवंबर तक पंजीयन की अंतिम तिथि निर्धारित की थी। इस तिथि में पंजीयन कम्पलीट नहीं हो पाया तो तिथि फिर से 15 दिन बढ़ा दी गई है। अभी 15 दिसंबर तक पंजीयन का काम चलेगा। इस अवधि में सभी किसान जिनका पंजीयन किसी न किसी कारण से रूका हुआ है, वे सहकारी साख समितियों से संपर्क कर पंजीयन करवा सकते हैं।

### 732 डूब प्रभावितों का पंजीयन

जानकारी के अनुसार जिले के डूब प्रभावित क्षेत्र में कुल 1724 किसान हैं, अब तक इनमें से 724 किसानों के 667 हेक्टेयर का पंजीयन हो पाया है। जैसे जैसे गिरदावरी कम्पलीट होती जा रही है, पंजीयन किया जा रहा है। कुल पंजीयन की स्थिति देखें तो जिले में 1 लाख 28 हजार 554 किसानों का 1 लाख 22 हजार 517 हेक्टेयर का पंजीयन हो चुका है। इस साल पंजीयन का रकबा और किसानों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। पिछले साल 1 लाख 28 हजार 344 किसानों का पंजीयन हुआ था।

### ट्रस्ट को भी मिलेगी अंतर की राशि

इस साल ट्रस्ट की जमीन पर खेती करने वाले किसानों का अच्छा लाभ होगा। पिछले साल भी उनका पंजीयन हुआ था। धान की खरीदी भी की गई थी, लेकिन ट्रस्ट की जमीन पर खेती करने वाले किसानों को केवल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ मिला था, राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अंतर की राशि नहीं दी गई थी। इस साल इन किसानों को अंतर की राशि भी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार अब तक 94 ट्रस्ट की 234 हेक्टेयर कृषि भूमि का पंजीयन किया गया है।


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय खेलकुद स्पोर्ट इवेंट आज

**कांकेर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकुद स्पोर्ट इवेंट कार्यक्रम का आयोजन पं. विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर में 3 दिसंबर बुधवार को दोपहर 3 बजें से रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नगा व कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम द्वारा किया जाएगा।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम घोड़ाबत्तर निवासी 40 वर्षीय नरेश दर्रो की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी रजुला के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किए हैं।

पुरानी मंडी परिसर में आयोजित है श्रीमद्भागवत कथा

# भगवान की नजर में कोई छोटा बड़ा नहीं होता : पं. नारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भागवत कथा प्रेम, करुणा, सत्य और निस्वार्थ सेवा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों पर जोर देती है। कथा के श्रवण से लोगों में इन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जो उन्हें अनैतिक कार्यों या अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित करती है। उक्त उद्गार व्यासपीठ से भागवताचार्य नारायण महाराज ने दी।

कुरुद के पुरानी मंडी परिसर में सिन्हा परिवार द्वारा अपने पितरों की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्री निकुंज आश्रम जजंगिरी से पधारे भगवताचार्य ने कथा के दौरान कहा कि भागवत में यह शिक्षा दी जाती है कि सभी आत्माएँ परमात्मा का अंश हैं। भगवान की दृष्टि में कोई छोटा या बड़ा, अमीर या गरीब नहीं है। यह आध्यात्मिक समानता सामाजिक भेदों को कम करने और एक समरस समाज बनाने में मदद करती है। उन्होंने श्रीकृष्ण महारास, कंस वध, द्वारिका निर्वाण एवं रुक्मणी विवाह की सुमधुर संगीतमय कथा सुनाई जिसे सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गये। कथा रसपान करने नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारणी चंद्राकर, कुरुद विधायक की धर्मपत्नी प्रतिभा चंद्राकर, मालकराम साहू, निरंजन सिन्हा, सूबे सिंह, तेंजिन, सिन्हा, पार्वती सिन्हा, सत्यप्रकाश, लोकेश, योगेंद्र के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी एवं सिन्हा परिवार के लोग उपस्थित थे।





# ध्रुव गोंड़ समाज की महिला प्रभाग ने कराया आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगर पंचायत नगरी में एक सहानुभूति की झलक देखने को मिली है। यहां के चुरियारा पारा के ध्रुव गोंड़ समाज के महिला प्रभाग ने आदर्श विवाह करवा कर एक मिसाल पेश किया है। यहां की लक्ष्मी नाम की कन्या को उसके माता-पिता ने उसकी विधवा व वृद्ध नानी के पास छोड़कर ऐसे गायब हुए कि आजतक पता नहीं चल सका। कठिनाइयों के बीच उसकी नानी ने लालन-पालन किया। वर्तमान में यह कन्या मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले जीजा दीदी के साथ नगरी के चुरियारा पारा मोहल्ले में रह रही थी।

इसी बीच ग्राम भैंसामुड़ा के लड़का जलाधार नेताम विवाह योग्य लड़की की तलाश करने अपने रिश्तेदारों के साथ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी के महासचिव नरेश छेदैहा के निवास नगरी पहुंचे। कन्या की माली हालत से अवगत कराया गया। लड़की को सम्पन्न परिवार से ताल्लुक रखने वाले लड़का को महासचिव के निवास में ही दिखाया गया। पहली ही नज़र में एक दूसरे को पसंद कर लिया। समाज की महिला प्रभाग ने लड़की की खराब स्थिति के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए लड़का पक्ष के समक्ष आदर्श विवाह का प्रस्ताव रखा। महिला प्रभाग के इस सुन्दर विचार को लड़का पक्ष ने तुरंत स्वीकार कर लिया। समाज के सभा भवन में श्री बुढ़ादेव को साक्षी मानकर सात फेरे लिए गए। महिलाओं ने कन्या लक्ष्मी को अपनी बेटी की तरह खुशी खुशी बिदा किया। फिजुलखर्ची को रोकने के लिए की गई महिला प्रभाग के इस पहल की काफी प्रशंसा हो रही है।

मौके पर समाज के तहसील महासचिव नरेश छेदैहा, सर्वाराकार सदस्य विष्णु भास्कर, भैंसामुड़ा क्षेत्र के अध्यक्ष रामजी मरकाम, पुर्व उपक्षेत्रीय अध्यक्ष बलीराम नेताम, लखन लाल नेताम, पांगर प्रमुख खिरभान नेताम उदय नेताम,लखन लाल नेताम, छड़ीदार रवि ठाकुर, दशरथ मरकाम, खिलेश कुंजाम, गोदावरी छेदैहा, माधुरी ध्रुव, सावित्री छेदैहा, मानकी नेताम, सतरूपा कुंजाम, आशा ठाकुर, उषा कुंजाम, कुसली कुंजाम, सिरमोतीन छेदैहा, शांति नेताम, कलेंद्री नेताम, सावित्री नेताम, पुनीता नेताम के साथ समाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नगरी बस स्टैंड में टूटी नाली पर फँसी कार, राहगीरों ने धक्का देकर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के बस स्टैंड स्थित मुख्य मार्ग पर बनी नाली के ढक्कन टूटे होने से मंगलवार को एक कार अचानक नाली में धँस गई। वाहन फँसने के बाद चालक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करते हुए कार को धक्का मारकर बाहर निकाला।

■ प्रशासन से मरम्मत की मांग तेज

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बस स्टैंड क्षेत्र में नाली के ढक्कन लंबे समय से क्षतिग्रस्त है, नाली के ढक्कन अच्छे से निर्माण नहीं किया जाता है जिसके चलते आए दिन ढक्कन टूट जाते हैं। जिसके चलते वाहन चालकों और राहगीरों को खतरा बना रहता है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों और टूटी नालियों के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द नाली और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि समय रहते सुधार कार्य नहीं होने पर किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।



# नगर साहू समाज नगरी द्वारा किया गया भक्त माता कर्मा की आरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भक्त माँ कर्मा की आरती नगर साहू समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा कर्मा सामुदायिक भवन नगरी में किया गया, जिसमें महिला प्रकोष्ठ परिक्षेत्र साहू समाज पार्षद नगर पंचायत नगरी, रूपेंद्र साहू अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ, ज्वाला प्रसाद साहू उपाध्यक्ष, संतोष साहू सचिव, हरीश सार्वा सहसचिव, नोहर साहू महासभा सदस्य, विनय साहू अध्यक्ष कर्मा सामुदायिक भवन, महेंद्र साहू सचिव, कुंती साहू महासभा सदस्य, उधो साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगर साहू समाज, मदन साहू पांघर प्रमुख, त्रिलोक साहू पांघर प्रमुख, डिंकी साहू एवं प्रियंका साहू उपस्थित थे।

# डाइट के संकाय सदस्यों द्वारा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

डाइट नगरी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों का शाला अवलोकन एवं शाला अनुभव का अकादमी मॉनिटरिंग करने डाइट के संकाय सदस्यों डी. के. साहू (सहायक प्राध्यापक) एवं देव कुमार साहू (व्याख्याता) डाइट नगरी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बोड़रा, गोरेगांव एवं उच्च प्राथमिक शाला भोथली फरसिया, गोरेगांव ,अमाली स्कूलों का निरीक्षण किया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला बोड़रा में डाइट के छात्र अध्यापक पुनेश्वरी धनुषधारी एवं ईश्वरी यादव द्वारा कक्षा- पांचवी के बच्चों को नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी करवा रहे हैं डाइट के संकाय सदस्यों द्वारा बोड़रा प्राथमिक शाला के कक्षा- चौथी के डिंपल कश्यप एवं तोरण यादव को हिंदी भाषा का 17 एवं 19 पाठ को पढ़ने कहा गया। दोनों बच्चों ने पाठ सही उच्चारण करते हुए वाचन किया। कुमारी भूमिका नाग कक्षा- तीसरी के बच्चे ने अद्भुत संसार में कौन-कौन से जीव जंतु पाये जाते हैं, के उत्तर सही-सही बताए। इस प्रकार से डाइट नगरी के द्वारा शाला अवलोकन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान समस्त संस्था के प्रधान पाठक एवं शिक्षक उपस्थित पाये गये।



# मधुबन धाम में एक पेड़ मां के नाम रोपे गए

**मगरलोड।** मधुबन में एक पेंड़ मां के नाम 2 दिसंबर को रजत जयंती पर्व के अवसर पर उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत मधुबन धाम रांकाडीह में वृक्षारोपण का आयोजना किया गया। जिसके तहत मधुबन धाम रांकाडीह में कृष्ण तालाब के पास एवं तालाब मेंढ़ में विभिन्न प्रजाति के कुल 40 नग पौधों का रोपण कर रजत जयंती पर्व मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, विशिष्ट अतिथि श्रीमति तिलोत्तमा साहू वन सभापति ज.पं. मगरलोड, भोजराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत रांकाडीह एवं अन्य गणमान्य नागरिक तथा समस्त वन कर्मचारी उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित समस्त गणमान्य नागरिकों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लिया।



# फुटबाल में आशुतोष और सौरभ का हुआ चयन

**कुरूद।** दिनांक 21 दिसंबर से 22 दिसंबर तक श्री रावतपुरा यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में सेक्टर स्तरीय अंतर महाविद्यायीन फुटबाल खेल का आयोजन हुआ। उक्त प्रतियोगिता में प्रदर्शन स्वरूप कुरूद महाविद्यालय के दो खिलाड़ी आशुतोष बीपीएड तृतीय सेमेस्टर एवं सौरभ बीपीएड प्रथम सेमेस्टर का चयन राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ।

कुरूद महाविद्यालय के साथ-साथ पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों चयन पर प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आरके पाण्डेय, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एमएस साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शिबा वंजारी, डॉ. तरूण पटेल, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, डॉ. विक्रम सिंह, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी, नीलकंठ, एचआर उइके, वायआर उइके, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, बालमुकुंद साहू, सुधीर साहू, बीर सिंह, नीलम साहू, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस, प्रेमचंद कुर्रे एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं जनभागीदारी शिक्षकों ने खिलाड़ियों के चयन पर हर्ष व्यक्त किया है।





# आमदी कॉलेज में विश्व एचआईवी एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

विश्व एच आई वी एड्स दिवस 2025 के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में जागरूकता कार्यक्रम का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी व रेड रिबन क्लब प्रभारी डीगेश्वर अटल तथा यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी अंकित कुमार बोधवानी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का थीम ''बाधाओं को पार कर, एड्स–प्रतिक्रिया में रूपांतरण लाना'' है। कार्यक्रम की शुरुआत एच आई वी एड्स के प्रति जागरूकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि एच आई वी एड्स के प्रति सही जानकारी और जागरूकता ही इसके संक्रमण की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। युवाओं को सुरक्षित व्यवहार अपनाते हुए समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी प्रभारी अंकित बोधवानी ने कहा कि एच आई वी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सही जानकारी, समय पर जाँच और सुरक्षित व्यवहार समाज को संक्रमण से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी की रोकथाम एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आवश्यक तथ्यात्मक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, आंचल अरोरा, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, महेश कुमार का विशेष योगदान रहा। स्वयंसेवकों में साहिल कुमार, प्राची, दिव्या पटेल, वेदप्रकाश, आदित्य, रीना, विभा, संगीता, तुलसी रानी एवं डेमीन ने सक्रिय भूमिका निभाई।




(आदेश 5 नियम 1 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
**न्यायालय-न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**// समंस //**

प्रो.क्र.-253/20-11-25
व्य.वा. क्रमांक/04अ/2024
पेशी दिनांक 16/12/2025

श्रीमति नुरैशा सुल्ताना पति स्व. मो. शाकीर खान उम्र 53 वर्ष, निवासी :-रिसाई पारा पूर्व गायत्री मंदिर के सामने वार्ड क्र. 30 धमतरी तह. व जिला धमतरी छ.ग. .............वादिनी

**विरूद्ध**

(1) छ.ग. शासन वगै. .............प्रतिवादीगण

प्रति,

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध वादिनी नुरैशा सुल्ताना ने माननीय कुटुम्ब न्यायालय में व्यवहार वाद क्र. 04अ/2024 के अंतर्गत वाद पत्र धारा 07 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण दिनांक 16.12.2025 दिन मंगलवार को सुबह 11.00 बजे सुनवाई हेतु नियत है।

आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रतिवादीगण पेशी दिनांक 16.12.2025 को न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रकरण में अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

यदि आप पेशी दिनांक 16.12.2025 को न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई आपके गैरहाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त दिनांक को न्यायालयीन अवकाश होगा तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 20/11/2025 को जारी।

**विनोद कुमार देवांगन**
**न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय धमतरी**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**नाम व जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

कान्ति बाई साहू माता जी सैन्य संख्या-4291479 N रैंक सिपाही नाम परमेश्वर साहू पता- ग्राम + पोस्ट आमदी जिला + तहसील धमतरी (छ.ग.) पिन 493773 जो मेरे आधार कार्ड में माता जी का नाम कान्ति बाई साहू जन्म तिथि 19/09/1960 है, जो सही है। जबकि मेरे सर्विस रिकार्ड में नाम कान्ति बाई जन्म तिथि 10/02/1965 लिखा हुआ है। उसे विलोपित कर मेरे सर्विस रिकार्ड में कान्ति बाई साहू जन्म तिथि 19/09/1960 किया किया जावे।

मैं उपरोक्त जानकारी शपथकर्ता सत्यापन कर जो ऊपर दिया वो सही व सत्य है।

**शपथकर्ता**
**परमेश्वर साहू**

**CHANGE OF NAME & DOB**

1. Kanti bai Sahu is mothers of Army no 4291479 N Rank Sep Name Parmeshwar Sahu Residence of Village + post Amdi District + Tahshil Dhamtari (C.G) 493773 my changed Name Kanti bai To Kanti bai Sahu And Date of birth 10/02/19665 To 19/09/1960 in my All documents vide affidavit so pls Cheng Name Kanti bai Sahu and DOB 19/09/1960 Dated 2 Nov 2025 Before District court Dhamtari (C.G)

**DEPONENT**

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कि आवेदक भुवन लाल पिता शेखुराम उम्र 51 वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम कुर्रा (राँवा) तहसील भखारा जिला धमतरी का निवासी है। आवेदक की बहन सोहद्रा बाई जिसका जन्म/ मृत्यु दिनांक 07/07/1968 को हुई है तथा आवेदक अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु की सूचना कोतवाली पंजी में दर्ज नहीं करवा पाया था जिस संबंध में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या समूह या ग्रामवासी को आपत्ति हो तो दिनांक 04/12/2025 तक न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा के समक्ष अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तथा म्याद की समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/11/2025 को न्यायालीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार भखारा**

# राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में दर्रा के छात्र का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोरसी(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा के छात्र पीयूष कुमार पिता दीपक कुमार का चयन 69वी राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में क्रिकेट के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता हिसार हरियाणा में 5 दिसंबर से 9 दिसंबर के बीच आयोजित होगी और क्रिकेट टीम प्रतियोगिता के लिए 3 दिसंबर को रवाना होगी। जिसमें छात्र -सीनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यायाम शिक्षक राजकुमार साहू ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता पेंड्रा में हुआ था जिसमें खेल कौशल के आधार पर इसका चयन राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है और यह प्रतियोगिता में स्थान आने पर बोर्ड परीक्षा में बोनस दिया जाता है।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता पर चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, विखं शिक्षा अधिकारी सीके साहू, जिला खेल अधिकारी शकीला देवदास, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर साहू, दर्रा सरपंच विजय रात्रे, जनपद सदस्य मनीषा त्रिलोचन साहू, विद्यालय के प्राचार्य भानूराम रात्रे, डेरहूराम साहू, नीलकमल साहू, नरसिंहनाथ साहू, दीनबंधु चंद्राकर, लोकेश्वर चेलक, गजेंद्रसिंह राजपूत, सुरेंद्र साहू, शालिकराम देवांगन, अशोक चंद्रवंशी, विधि पटेल, युगलकिशोर वर्मा, राजकुमार साहू ,युवराज खत्री, नारायण सिंह नेताम गेमा राम साहू, बालमुकुंद साहू, सुनील कुमार साहू, पुष्पेंद्र साहू, परमत नाग एवं संकुल समन्वयक गुमान साहू तथा समस्त ग्राम वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

### नगरी में शराब दुकान के पास संचालित चखना सेंटर में नियमों की उड़ रही धज्जियाँ

# पॉलीथिन और डिस्पोज़ल कचरे से जंगल व खेत खलियान प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

नगर के डमका डीही वार्ड क्रमांक 1 में संचालित शराब दुकान के पास नियम-कायदों को ताक पर रखकर खुलेआम चखना सेंटर चलाया जा रहा है। सेंटर में बिना किसी अनुमति के अमानक खाद्य सामग्री बेची जा रही है तथा कच्ची सामग्री ग्राहकों को परोसी जा रही है, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना हुआ है।





शराब सेवन के बाद कई लोग वहीं आसपास पानी के पाउच, डिस्पोज़ेबल ग्लास, प्लास्टिक बोतलें और अन्य कचरा फेंक कर चले जाते हैं। यह कचरा आसपास के जंगल और खेत खलियानों तक फैलकर पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहा है। शासन द्वारा प्लास्टिक और डिस्पोज़ेबल सामग्री के उपयोग पर स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद इनका बड़े पैमाने पर उपयोग व बिक्री जारी है।

आसपास के किसानों व स्थानीय लोगों का कहना है कि पॉलीथिन और डिस्पोज़ल का अत्यधिक उपयोग न केवल प्रदूषण बढ़ा रहा है, बल्कि यह कैंसर जैसी घातक बीमारियों के खतरे को भी बढ़ाता है। नगर में पहले भी पॉलीथिन मुक्त अभियान चलाने के प्रयास किए गए थे, परंतु अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई।

अब आवश्यक है कि विभागीय अधिकारी इस मामले में सख्ती दिखाएँ और चखना सेंटर तथा प्लास्टिक उपयोग पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करें, ताकि नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने के अभियान को वास्तविक सफलता मिल सके।

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से दूरभाष से बात करने पर बताया कि सिंगलयूज डिस्पोजल प्रतिबंध है साथ समय समय पर कार्यवाही किया जाता है। इस मामले को संज्ञान में लेकर जांच कर उचित कार्यवाही किया जायेगा।

# धमतरी जिले में प्रशासनिक कार्य-विभाजन में बड़ा बदलाव

■ अपर कलेक्टर रीता यादव के स्थानांतरण के बाद धमतरी में नया कार्य-विभाजन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव को प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड पद पर पदस्थ किए जाने के फलस्वरूप पूर्व में जारी कार्यालयीन कार्य विभाजन आदेश में संशोधन करते हुए जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के मध्य कार्यों का पुनर्वितरण अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक निर्धारित किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार अधिकारियों को दिए गए विभागों तथा दायित्वों का कार्य संपादन करना होगा।

जारी संशोधित ताजा आदेशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव को पंचायत एवं ग्रामीण विकास, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा मिशन एवं सेजस, पर्यटन, कौशल विकास, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, आयुष, पीएमजीएसवाय, डीएमएफ सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों का प्रभार सौंपा गया है।

अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्रीमती इंदिरा देवहारी जिले में कानून-व्यवस्था, लाइसेंस, राजस्व, जेल, सूचना का अधिकार, विवाह पंजीयन, परिवहन, खाद्य, जाति अत्याचार निवारण अधिनियम, वरिष्ठ लिपिक शाखा सहित अनेक दायित्वों का निर्वहन करेंगी। अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी को वित्त, स्थापना, नाजरात, नजूल, निर्वाचन, परीक्षा शाखा, स्टेशनरी, लोकसभा-विधानसभा प्रश्न, राजस्व निरीक्षण तथा अन्य व्यवस्थापकीय कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुश्री प्रीति दुर्गम को नगरी अनुभाग का पूर्ण प्रभार, जबकि नभसिंह कोशले को कुरूद एवं मगरलोड का राजस्व एवं दंडाधिकारी कार्य सौंपा गया है।

डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव को समाज कल्याण विभाग का प्रभार देते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा आईटी/ई-गवर्नेंस संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं। डिप्टी कलेक्टर बेरनादत्त एक्का को डीएमएफ एवं सीएसआर नोडल अधिकारी, खनिज शाखा, अधोसंरचना उन्नयन, आबकारी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं डब्ल्यूसीडी योजनाओं के सहायक नोडल अधिकारी सहित विभिन्न शाखाओं का कार्यभार दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम को राजस्व शाखा, राहत एवं पुनर्वास, रेडकास, राजस्व लेखा, कृषि-संबंधित सहायक नोडल दायित्व एवं अन्य राजस्व कार्य सौंपे गए हैं। डिप्टी कलेक्टर पीयूष तिवारी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी का सम्पूर्ण प्रभार के साथ जिला सत्कार अधिकारी, अनुभाग क्षेत्र के लिए भू-अर्जन अधिकारी और मंडी धमतरी का दायित्व सौंपा गया है।

# गोपालपुरी स्कूल में पीएससी उत्तीर्ण छात्रा ज्योति साहू का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

गोपालपुरी डॉ हजारीलाल जैन शाउमावि गोपालपुरी में सोमवार को पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर वाणिज्यिक कर अधिकारी का पद मिलने पर एक खेती किसानी परिवार से जुड़ी होनहार छात्रा और उनके परिवार जनों का सम्मान किया गया। प्राथमिक विद्यालय से उमावि गोपालपुरी के छात्र छात्राओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का शाला के शिक्षिकाओं ने स्वागत कर उन्हें मंचासीन किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वय रामकृष्ण साहू, सेवाराम पटेल, समिति सदस्य संतोषी साहू, मोतीराम साहू, मेवालाल साहू, दीनदयाल साहू, एस के कोसरिया, डोमन चंद्राकर, नरेश साहू(पिताजी), लीला साहू (माताजी), केंवरादेवी, खिलेश्वरी साहू प्रभारी प्राचार्य देवेन्द्र भारद्वाज उपस्थित होकर कार्यक्रम में छात्रों का उत्साहवर्धन किया। गीता जयंती के पावन दिवस पर सरस्वती माता और गीता जी का पूजन अर्चन दीप प्रज्ज्वलन किया।



ज्योति ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होने तीन प्रयासों में यह सफलता बिना कोंचिग के प्राप्त किया है। दो बार मेन्स परीक्षा तक पहुँची, लेकिन इंटरव्यू तीसरी बार में शामिल हुई और अपने लक्ष्य को हासिल की। प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने बताया कि यह प्रयास सभी छात्र छात्राओं के लिए अनुकरणीय हैं।

# खाद्य विभाग के अन्यायपूर्ण गलत दबाव से राइस मिलर्स को अटैक आने का आरोप

**धमतरी**। जिला धमतरी के सोरम स्थित फूल मिनी राइस मिल सहित आसपास के क्षेत्रों में खाद्य विभाग द्वारा राइस मिलर्स पर अनावश्यक एवं अन्यायपूर्ण दबाव अपनाएं जाने की जानकारी सामने आ रही है। विभागीय अधिकारियों के लगातार दबाव एवं कार्यवाही जैसी स्थिति उत्पन्न करने से राइस मिल संचालकों में भय और असंतोष का माहौल बन गया है। इसी के चलते आज एक राइस मिल के संचालक रवि कुमार साहू को हार्ट अटैक आ गया है। जो रात को धमतरी क्रिश्चन अस्पताल में एडमिट था जिसकी जानकारी मिलते ही धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू अस्पताल पहुँचकर संचालक से मिले और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। जिसे अभी गंभीर स्थिति में रायपुर रिफर किया गया है। उनकी तबीयत अभी गंभीर बताई जा रही है।



स्थानीय राइस मिलर्स का कहना है कि वे शासकीय नियमों के अनुसार कार्य कर रहे हैं, फिर भी विभागीय टीम द्वारा बिना उचित कारण, मनमाने तरीके से नोटिस, जांच और दबाव की कार्रवाई की जा रही है। इससे न केवल मिलर्स के नियमित कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि चावल उठाव, धान संग्रहण और प्रसंस्करण की पूरी प्रक्रिया बाधित होने का जोखिम बढ़ गया है।

राइस मिलर्स ने चेतावनी दी है कि यदि इस प्रकार का व्यवहार और दबाव जारी रहा, तो क्षेत्र में धान खरीदी एवं चावल उत्पादन की गति पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा, जिसका सीधा असर किसानों और उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा। उन्होंने हम खाद्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से निष्पक्ष, पारदर्शी और नियमसम्मत जांच प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की है।

मिलर्स की समस्याओं पर संवाद स्थापित कर समाधान निकालने की पहल की जाए।

### भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

**धमतरी**। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां प्रसारण हुआ। अम्बेडकर वार्ड के बूथ क्रमांक 165 में भाजपाइयों ने मन की बात सुनी साथ ही स्वदेशी अपनाने घर-घर संपर्क कर शपथ पत्र भरवाया गया। मौके पर जगदीश रामू रोहरा, कुलेश सोनी, अनीता सोनी, भाविका, पिंटू यादव, सरिता यादव, गायत्री सोनी, देवेंद्र ध्रुवंशी, नीलमणि पावरिया, कल्पना ध्रुवंशी, कमलेश रजक, तुलेश साहू, भागवत यादव, संतोष निषाद, अमरदीप महाजन मौजूद थे।

### निधन : चंद्रकांत पाण्डेय



**धमतरी**। मंगलवार को गणेश चौक धमतरी निवासी चन्द्रकान्त पांडेय पिता स्व. छबिलाल पांडेय उम्र 50 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को 11 बजे गृह निवास से शन्ति घाट के लिए निकलेगी।

### ओंकार प्रसाद सोनी



**धमतरी**। ओंकार प्रसाद सोनी आरंग वाले का निधन 1 दिसंबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 2 दिसंबर दिन मंगलवार को 11.30 बजे उनके निवास स्थान रामसागरपारा शिव चौक धमतरी से निकली। शांतिघाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे दीपक सोनी के दादाजी एवं गीतांजलि सोनी के ससुर जी थे। सरोज, सविता, संध्या, पूर्णिमा, किरण के पिताजी थे।



**खबर संक्षेप**

### कृषि स्थायी समिति की बैठक अब 11 को

**कांकेर।** जिला पंचायत के कृषि स्थायी समिति की बैठक संशोधित तिथि अनुसार 11 दिसम्बर को प्रातः साढ़े 11 बजे से आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक पूर्व में 3 दिसम्बर को आयोजित होना था, लेकिन उक्त तिथि को जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक होने के कारण कृषि स्थायी समिति की बैठक में संशोधन किया गया है। बैठक में खरीफ क्षेत्राच्छादन वर्ष 2025-26 की अद्यतन प्रगति, विभागीय योजनाओं और अन्य विषयों चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारी - कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय डे-नाइट कबड्डी 6 से

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीद वीर नारायण सिंह युवा कबड्डी समिति बनसागर द्वारा दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 6 एवं 7 दिसंबर को आयोजित होगी। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक, बालिका एवं युवा वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। खेल को और अधिक प्रतिस्पर्धी एवं आकर्षक बनाने के लिए अलग-अलग वर्गों में विशेष पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफियों की व्यवस्था की गई है।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल सिकसोड़ थाना के ग्राम मेटाबेदोली निवासी 18 वर्षीय संतलाल नरेटी के लिए 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव में 4 दिसंबर को आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 04 दिसंबर को सुबह 10 बजे से नरहरदेव स्कूल कांकेर में किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य तथा व्यक्तिगत लोकनृत्य, तथा व्यक्तिगत लोकगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आयोजित प्रतियोगिता में खेल के साथ ही लाइफ स्किल कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला, तात्कालिक भाषण एवं कविता गायन प्रतियोगिता भी होगी।

**निधन**

### दिलीप कुमार साहू



**धमतरी।** धमतरी के नामचीन हरिहर पान व्यवसायी ब नि या पा रा धमतरी निवासी दिलीप कुमार साहू का आकस्मिक निधन 2 दिसंबर मंगलवर को हो गया है। वे श्रीमती सरोजनी साहू के पति एवं बसंत, सुनीता, विद्या, सुजाता, जोगमाया साहू के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 3 दिसंबर बुधवार को प्रातः 11 बजे निवास स्थान से निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट दानीटोला में किया जायेगा। उनके निधन पर समाज तथा नगर के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

सिंगपुर में भूतपूर्व विद्यार्थियों का होगा जमावड़ा, छत्तीसगढ़ की पारम्परिक रखिया बड़ी एवं मुनगा की बनेगी सब्जी

# जनसहयोग से होगा एलुमनी मीट एवं शाला ग्रामीणोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

सेजेस सिंगपुर में समुदाय के सहयोग से प्रदेश की संस्कृति एवं परम्परात को ध्यान में रखते हुए एलुमनी मीट एवं शाला ग्रामीणोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अवगत हो कि विद्यालय की स्थापना को उनचालीस वर्ष हो गए हैं। अतः इन उनचालीस साल में उत्तीर्ण हुए भूतपूर्व छात्रों को इस शैक्षिक महोत्सव में शामिल कराने की योजना है। इसकी बृहद तैयारी स्थानीय शिक्षक कर रहे हैं।

एलुमनी मीट एवम शाला ग्रामीणोत्सव को सफल बनाने की दिशा में एसएमडीसी , ग्रामीण जन एवम स्वसहायता समूह से जुड़ी हुई है। महिलाओं से विस्तृत बातचीत हुई है। आयोजन चार दिवस का होगा जो पूरी तरह से जन सहयोग से होगा। कार्यक्रम में स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम विविध प्रदर्शनी एवम खेलकूद में भाग लेंगे। आम जन की भागीदारी भी इन गतिविधियों में होगी। एलुमनी मीट में शामिल होने वाले भूतपूर्व छात्रों तथा उनके परिवार के लिए पृथक से विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आसपास के प्राथमिक एवम माध्यमिक विद्यालयों द्वारा निर्मित शैक्षिक सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। विद्यालय से आम जन को जोड़ने की मुहिम हेतु ग्रामीणों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद,



विविध प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्णतः जन सहयोग से ही सम्पन्न होगा। जन समुदाय के लिए सहभोज, पुरस्कार, पंडाल, माईक आदि की व्यवस्था आम जन करेंगे। छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवम परम्परा को बढ़ावा देने वाले खेल, नृत्य, गायन, वादन,व्‌ यंजन, रीति रिवाज को ज्यादा से ज्यादा शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण में छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े हुए बाँसगीत को शामिल किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध जादूगर कृष्ण कुमार ठाकुर के जादू शो का भी विशेष आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिलाओं ने आम जन के लिये सामूहिक भोज को सफल बनाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में एक भी प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों के सहयोग से दोना पत्तल की व्यवस्था की जाएगी ताकि पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। सामूहिक भोज में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को शामिल किया जाएगा।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ की व्यंजन परम्परा में रखिया बड़ी का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। अतः समुदाय के द्वारा निर्णय लिया गया कि सामूहिक भोज में रखिया बड़ी एवम मुनगा की सब्जी बनाई जाएगी कार्यक्रम में भैंसमुंडी निवासी समाजसेवी एवम शिक्षा के लिए समर्पित रंजीता तुमनचन्द साहू ने ग्रामीणजनों की भावनाओं का सम्मान करते हुए बड़ी बनाने के लिए दो दर्जन रखिया सेजेस सिंगपुर के प्राचार्य डॉ. व्ही. पी.चन्द्रा को जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल की उपस्थिति में भेंट की। सेजेस के प्राचार्य ने इस सहयोग के लिए रंजीता तुमनचन्द साहू के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया है। प्राचार्य ने भेंट में मिले हुए रखिया को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिलाओं को सौंप दिया है।

महिलाएं एलुमनी मीट एवम शाला ग्रामीणोत्सव कार्यक्रम के लिए रखिया बड़ी बनाने में लगी हुई हैं। ग्रामीणों की इस पहल से विद्यालय एवम समुदाय के बीच दूरी खत्म हो गई है। विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशानुरूप जन चेतना का केंद्र बन सके। आने वाले दिनों में सेजेस सिंगपुर का यह आयोजन पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल बन सकता है। इसे और भी प्रभावी बनाने हेतु जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवम जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल का सतत मार्गदर्शन एवम सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम को पूर्णतः सफल बनाने शिक्षक एवम ग्रामीणों के बीच कार्य का बंटवारा कर अपने अपने दायित्वों का निर्वहन कर कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## लेखराम कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ की राजनीति में सक्रिय और लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेता लेखराम साहू को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कुरूद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रहे साहू को अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग विभाग का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा सोमवार को जारी की गई सूची के माध्यम से की गई, जिसे संगठन के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने सार्वजनिक किया।



इस सूची में छत्तीसगढ़ से दो प्रमुख नेताओं गिरीश देवांगन और लेखराम साहू को शामिल किया गया है, जो प्रदेश कांग्रेस के लिए गौरव की बात माना जा रहा है। लेखराम साहू की सक्रियता, संगठन को मजबूत करने की क्षमता और ओबीसी वर्ग से उनका गहरा जुड़ाव इस जिम्मेदारी के प्रमुख कारणों में से माना जा रहा है।

नई जिम्मेदारी मिलते ही प्रदेशभर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है। लोग सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई दे रहे हैं। साहू कांग्रेस में वरिष्ठ पदाधिकारी के रूप में कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। संगठन में उनकी लंबे समय से सक्रिय भूमिका और जनता के बीच उनकी पकड़ उन्हें पार्टी का प्रभावशाली चेहरा बनाती है।

कुरूद विधानसभा से विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई पहल की थीं। अब राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी विभाग के समन्वयक के रूप में उनसे संगठन को और सशक्त बनाने तथा पिछड़ा वर्ग के मुद्दों को मजबूती से उठाने की अपेक्षा की जा रही है। कांग्रेस नेतृत्व को विश्वास है कि साहू अपनी नई भूमिका में प्रभावी कार्य करेंगे।

## मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में पूर्व प्राचार्या को विदाई एवं नई का हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी की प्राचार्या श्रीमती एच के खालसा की सेवा समाप्ति पर उनकी विदाई समारोह का आयोजन दिनांक 01/12/2025 में एक भावनात्मक और सादगीपूर्ण तरीके से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन समिति, शाला परिवार और सभी छात्रों ने मिलकर श्रीमती एच के खालसा को उनके शानदार एवं महत्वपूर्ण 37 वर्षों के कार्यकाल की समाप्ति पर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान सभी भावुक हुए और सभी ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करते हुए उनके उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। सभी शिक्षकों ने उनकी सरलता, अनुशासन और मातृत्व स्नेह को याद करते हुए अपनी-अपनी भावनाएं व्यक्त की। सेवानिवृत्त प्राचार्या को शाला प्रबंधन समिति एवं शाला परिवार द्वारा प्रतीक चिन्ह और उपहार से सम्मानित किया गया।

इसी विदाई समारोह में शाला प्रबंधन समिति द्वारा शाला की नई प्राचार्या के रूप में श्रीमती अनुपमा सिंह के नाम की घोषणा करते हुए शाला की नई प्राचार्या के रूप में उनका स्वागत किया। शाला प्रबंधन समिति के मैनेजर एम के मसीह ने शाला परिवार से नई प्राचार्या श्रीमती अनुपमा सिंह हेतु पूर्ण सहयोग की अपेक्षा करते हुए उन्हें इस नयी जिम्मेदारी हेतु शुभकामनाएं दी और यह आशा की कि इस से शाला नयी ऊंचाईयां प्राप्त करेगा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती करिश्मा मिलाप द्वारा किया गया।

## प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में विभागों का कैंप लगाने की मांग



■ धीवर समाज का 7 दिसंबर को होगा युवक-युवती परिचय सम्मेलन : मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धीवर समाज की प्रदेश स्तरीय युवक-युवती सम्मेलन में मछली पालन विभाग तथा सहकारिता विभाग का प्रचार-प्रसार कैंप लगाने की मांग कलेक्टर से की गई है।

धीवर-ढीमर समाज धमतरी परगना के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल आदि ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि 7 दिसंबर को स्व. विष्णु प्रसाद हिरवानी एकलव्य खेल परिसर में प्रदेश स्तरीय युवक-युवती सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा प्रभारी मंत्री और सांसद ने कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दी है।

इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के करीब 7 हजार कुटुम्बजनों की आने की संभावना है। आयोजन के दौरान सामाजिकजनों को सहकारिता तथा मछली पालन विभाग से संबंधित तथा केन्द्र एवं राज्य के योजनाओं की जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार कैंप लगवाने की मांग की है।

## संयुक्त शिक्षक संघ ने 8 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

संयुक्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमित महोबे के नेतृत्व में जिला प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने 8 दिसंबर को होने वाले माध्यमिक शाला को शिक्षकों के प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग की। जिलाध्यक्ष अमित महोबे ने बताया कि 11 दिसंबर से हाई/हायर सेकेंडरी स्कूल तथा 13 दिसंबर से प्राथमिक-माध्यमिक शालाओ में अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो रही है जिसमें शिक्षकों को बच्चों की तैयारी व परीक्षा के संचालन के लिए शिक्षकों को स्कूलों में रहना अति आवश्यक है।

विभाग के बहुत सारे शिक्षक की ड्यूटी मतदाता प्रशिक्षण कार्य में बीएलओ तथा अन्य गैर शिक्षकीय कार्य में लगाई गई है। जिससे स्कूल की पढ़ाई व शैक्षिक व्यवस्था प्रभावित होते आ रही है। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए संयुक्त शिक्षक संघ ने मांग की है कि प्रशिक्षण की तिथि में संशोधन किया जाए।

छमाही परीक्षा के बाद जनवरी के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण आयोजित किए जावें। मांग करने वालों में श्रीमती ममता खालसा प्रांत अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, हरीश सिन्हा प्रांतीय सह सचिव, लोमस साहू संयोजक,शेषनारायण गजेंद्र जिला सचिव, देवेश साहू कोषाध्यक्ष, सुनीता यादव जिला महिला प्रकोष्ठ, गौरी गुप्ता, हितेश साहू, वरुण साहू ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी, हुमन चंद्राकर ब्लॉक अध्यक्ष कुरूद, पदुम साहू ब्लॉक अध्यक्ष नगरी, वेदराम साहू ब्लॉक अध्यक्ष मगललोड आदि है।

## सामान सप्लाई के नाम पर खरीदी केंद्रों में गड़बड़ी



■ व्यापारियों ने की अपर कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धान खरीदी केंद्रों में इस बार पुराने व्यापारियों की उपेक्षा करते हुए गुणवत्ताहीन सामग्री की खरीदी की जा रही है। व्यापारियों ने इस गड़बड़ी का विरोध करते हुए अपर कलेक्टर, उपपंजीयक सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत की। इस मामले में युकां नेता गौतम वाधवानी ने कई केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ने भी गड़बड़ी की पुष्टि की है।

धान खरीदी केंद्रों में खरीदी के दौरान सुतली, तिरपाल, इलेक्टानिक कांटा, मास्चर मीटर आदि की जरूरत पड़ती है। अब तक इन सामग्रियों की खरीदी लोकल व्यापारियों से की जाती थी। इस बार लोकल व्यापारियों की उपेक्षा की जा रही है। व्यापारियों से टेंडर तो मंगाया गया लेकिन उनसे सामग्री की खरीदी नहीं की जा रही है, बल्कि क्रय नियमों को ठेंगा दिखाते हुए गुणवत्ताहीन सामग्रियों की खरीदी की जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि वे इन सामग्रियों को उचित कीमत एवं उचित गुणवत्ता पर सप्लाई करते थे। वर्तमान में अपेक्स बैंक के हस्तक्षेप से व्यावसायियों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। शिकायत मिलने पर युकां नेता गौतम वाधवानी ने खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को लाभ देने के लिए पुराने स्थानीय व्यापारियों की उपेक्षा की जा रही है। अधिकारी इस संबंध में स्पष्ट बोलने से कतरा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में उपपंजीयक ने जिला सहकारी बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों और समितियों के प्राधिकृत अधिकारी एवं प्रबंधक को नोटिस जारी कर क्रय नियमों का पालन करने और लेखा जोखा स्पष्ट रूप से रखने के निर्देश जारी किए हैं।

## बेघर हुए रेलवे कब्जाधारी, जनप्रतिनिधियों पर फूटा गुस्सा

■ समाजसेवी पं. राजेश शर्मा ने बांटा तालपत्री व कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बड़ी रेल लाइन विस्तार परियोजना को लेकर शनिवार सुबह रेलवे प्रशासन ने स्टेशन पारा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस बल के साथ पहुंचे अधिकारियों ने निर्धारित समय सीमा के अनुसार जमीन खाली कराने का निर्देश दिया, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। कब्जाधारी परिवार अपना सामान समेटकर पुरानी मंडी की ओर रवाना होने लगे।

अचानक हटाए जाने से प्रभावित लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। उन्होंने कहा कि कड़कड़ाती सर्दी में बेघर करना



अमानवीय है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर नाराजगी जताते हुए प्रभावितों ने कहा कि समस्या की जानकारी देने के बाद भी किसी ने समाधान की दिशा में कदम नहीं उठाया। कई बच्चों, महिलाओं और वृद्धों को खुले आसमान के नीचे आश्रय की तलाश में घूमते देखा गया।

सहयोग वितरण के दौरान नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, गोपाल कटारिया, पार्षद कुलेश सोनी, पिंटू यादव, पार्षद छोटूराम वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**श्री शर्मा का मानवीय सहयोग**

इस बीच प्रभावितों की स्थिति की जानकारी मिलते ही समाजसेवी पं. राजेश शर्मा मौके पर पहुंचे और जरूरतमंदों की सहायता की। उन्होंने ठंड से बचाव के लिए कंबल, गर्म वस्त्र और तालपत्री उपलब्ध कराकर अस्थायी राहत प्रदान की।

धमतरी में सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय योग शिविर

## योग से भगाएंगे काम का टेंशन

**धमतरी।** सरकारी ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए पालिटेक्निक कॉलेज में योग शिविर का आयोजन किया गया है। इससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। यह शिविर 4 से 6 दिसंबर तक सुबह साढ़े 6 से 9 बजे तक चलेगा। ऑफिस में तरह तरह के काम करते हुए सरकारी कर्मचारियों को कई प्रकार से मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। इससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है। स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। स्थिति को देखते हुए सरकारी कर्मचारियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा धमतरी पॉलिटेक्निक परिसर में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि नियमित योग से मन और शरीर दोनों को ऊर्जा मिलती है, जिससे निर्णय क्षमता, धैर्य और एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक दायित्वों के कारण अधिकारी-कर्मचारियों पर अक्सर मानसिक दबाव रहता है, ऐसे में योग जैसे वैज्ञानिक अभ्यास तनाव कम करने और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से परिवार सहित शिविर में शामिल होकर अधिकतम लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ अधिकारी ही बेहतर शासन व्यवस्था सुनिश्चित कर सकता है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था की प्रशिक्षक सुमिता पंजवानी ने बताया कि शिविर में प्राणायाम, योगासन, ध्यान, सूर्य नमस्कार तथा जीवनशैली सुधार से जुड़े सरल उपायों का अभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमित योग से न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि तनाव नियंत्रण, नींद की गुणवत्ता और भावनात्मक संतुलन में भी विशेष सुधार आता है। एसडीएम पीयूष तिवारी को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मन की बात जनसंवाद का सशक्त मंच

**धमतरी।** ग्राम बेंद्रानवागांव के बूथ क्रमांक 230 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 128वां संस्करण सुना गया। भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि यह कार्यक्रम हमेशा की तरह मन को ऊर्जा, विचारों को स्पष्टता और राष्ट्रहित को नई दिशा देने वाला रहा। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने आज अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा आरोहण, संविधान दिवस वंदे मातरम के 150 वर्ष, प्राकृतिक खेती, वोकल फॉर लोकल, भारत के उभरते पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। मन की बात वास्तव में जनसंवाद का वह सशक्त मंच है जो देश की सकारात्मकता, जनभागीदारी और राष्ट्रनिर्माण की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, बूथ अध्यक्ष नोकेश्वर साहू, सरपंच श्रीमती प्रसून शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### कॉलेज में हुआ संविधान दिवस का आयोजन

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती सरस्वती घृतलहरे के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता डॉ. शफीकुन्निसा खान, समाजशास्त्र विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ. किरण ठाकुर, विघनेश्वर सिंह एवं युगल किशोर अतिथि व्याख्याता लोक प्रशासन विभाग ने किया।







तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक